




नवभारत
इंदौर, बुधवार, 31 दिसंबर, 2025




## एक नजर में

### गौपालन कर दुग्ध उत्पादन से हर माह कमा रहे है 60 हजार रूपये

**नीमच।** जिले के विकास खण्ड मनासा के ग्राम भाटखेड़ी के युवा जितेन्द्र पिता रामेश्वर पाटीदार के पास कोई कृषि भूमि नहीं है। उनकी आजीविका का एक मात्र साधन पशुपालन है। वर्तमान में जितेन्द्र के पास 10 गायें एवं तीन बछड़ियाँ है इनमे से 5 गाये दूध दे रही है तथा 5 गर्भवती है ।जितेन्द्र गोपालन कर प्रतिमाह 60 हजार रुपये का दूध विक्रय करते है। जितेन्द्र गायों का प्रजनन प्रबन्धन इस प्रकार करते हैं कि वे प्रतिवर्ष गायो से बछीयाँ प्राप्त कर लेते हैं, प्रजनन हेतु वे अपनी गायों को सेक्स सार्टेड सीमन लगवाते है ताकि उन्हें उन्नत नस्ल की बछिया प्राप्त हो सके। गायो से प्रतिवर्ष बछिया प्राप्त करने से जहाँ मादावंश की संख्या बढ़ रही है, वहीं गायों की शुष्क अवधि कम होने से अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे है। पशुपालक जितेन्द्र हरा चारा उगाते है तथा उसकी कुट्टी कर पशुओं को खिलाते हैं। पशुशाला में चारा खाने की मेंजर तथा आटोमेटिक पानी की व्यवस्था कर रखी है साथ ही मिल्कीगं मशीन भी लगा रखी है। इस तरह उन्नत नस्ल का गौपालन कर, जितेन्द्र आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गये है। उन्होने दुग्ध उत्पादन कर, अपनी समृद्धि की राह चुनी है। इसमें वे पूरी तरह सफल भी हुए है।

### अटल युवा सम्मेलन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर उपस्थित रहेंगे

**नीमच।** बुधवार को नीमच में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा अटल युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर होंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा ने कहा है कि इस अटल युवा सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को अटल जी के विचारों से अवगत कराना है यह आयोजन 31 दिसंबर 2025 बुधवार को हो दोपहर : 1:00 बजे जिला भाजपा कार्यालय 'तपोभूमि' नीमच में होगा।

### लौटी रौनक ...नीमच मंडी में प्याज की आवक बढ़ी, क्वालिटी सुधरने से दाम चढ़े



**नीमच।** कृषि मंडी में नई प्याज की आवक माह की शुरुआत में शुरू हो गई थी। बारिश से देरी से बोए गए क्षेत्रों से अब तेजी से माल पहुंच रहा है। पहले रोज 5 से 8 हजार बोरी आवक थी, जो बढ़कर 10 हजार बोरी से अधिक हो गई है। शुरुआती दिनों में गीली क्वालिटी के कारण भाव 250 से 1450 रुपए क्विंटल रहे। क्वालिटी सुधरने पर दाम बढ़े। 26 दिसंबर को अधिकतम भाव 2091 रुपए क्विंटल था, जो 29 दिसंबर को 2250 रुपए पहुंच गया। मॉडल रेट 1200 रुपए क्विंटल रहा। हल्की क्वालिटी का न्यूनतम भाव 400 रुपए क्विंटल रहा। व्यापारियों के अनुसार बाजार में हल्की तेजी और उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### नीमच में भूमि विवाद, पीड़िता ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रशासन से की तत्काल कार्रवाई की मांग

**नीमच।** जिले के मनासा तहसील के रामपुरा नाका क्षेत्र की रहने वाली महिला मांगीबाई पति लेखराज ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और जान से मारने की धमकियों से परेशान होकर सोमवार को नीमच कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया। पीड़िता ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है ।मांगीबाई ने बताया कि हासपुर रोड स्थित उसकी कृषि भूमि शासकीय रिकॉर्ड में उसके नाम दर्ज है, इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि विपक्षीगण आए दिन गाली-गलौच करते हैं और जमीन छोड़ने का दबाव बनाते हुए गोली मारने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी लगभग साढ़े तीन बीघा भूमि फर्जी तरीके से अन्य नामों पर दर्ज करवा दी गई है ।पीड़िता ने कहा कि पूर्व में दिए गए आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से वह मानसिक रूप से टूट चुकी है। कलेक्टर कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान मांगीबाई ने चौंकाने वाला दावा किया कि वह अत्यधिक तनाव में जहर की शीशी लेकर पहुंची थी, जिसे कक्ष के बाहर वहां मौजूद अधिकारियों और पुलिस ने जब्त कर लिया ।महिला ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, उपकरण वितरण के लिए शिविरों का आयोजन

**नीमच।** कनिष्ठ प्रबंधक, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, (भारत सरकार का उपक्रम) एलिम्कों सहायक उत्पादन केंद्र, उज्जैन द्वारा माह मई 2025 में आयोजित चिंहाकन शिविरों में ''एडिप योजना'' एवं ''राष्ट्रीय वयोश्री योजना'' के पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को स्वीकृत कृत्रिम अंग, सहायक उपकारणों के वितरण शिविरों का रामपुरा, मनासा, जावद एवं सिंगोली में किया जा रहा है।6 जनवरी 2026 को पुरानी नगरपालिका रामपुरा, 7 जनवरी 2026 को जनपद पंचायत मनासा, 8 जनवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली एवं 9 जनवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावद में प्रातः 11 बजे से आयोजन किया जा रहा है। संबंधित सीएमओ एवं जनपद सीईओ को इन शिविरों के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### दो पीड़ित परिवारों को आठ लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय राजस्व उपखण्ड मनासा किरण आंजना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग6(4) के तहत पानी में डूबने से दो पीडित परिवारों को आठ लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एसडीएम मनासा किरण आंजना द्वारा पालडा निवासी कनिष्क पिता अरविंद की 5 अगस्त 2025 को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिश अरविंद पिता मोहन लाल को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह रामपुरा के इब्राहिम की 17 मई 2025 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिश मुबारिक पिता फकीर मोहम्मद शेख को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार रामपुरा द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, अनुशंसा के लिए एसडीएम मनासा को प्रस्तुत किया गया था।

### गली मोहल्ले में बिक रहा चाइनीस मांजा खतरों पर प्रशासन ने साधा मौन



**अढाना।** अंचल और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों चायनीस पतंग का मांजा धड़ल्ले से बिक रहा है, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में चिंता बढ़ रही है, क्योंकि चायनीस मांजा जानवरों और पक्षियों के लिए खतरनाक हो सकता है। मकर संक्रांति पर्व नजदीक है और इन दिनों बाजारों में चायनीज पतंग का मांजा आसानी से उपलब्ध है, और लोग इसे खरीदकर अपने बच्चों को दे रहे हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि क्या प्रशासन इस और ध्यान केंद्रित कर गली मोहल्ले में बिक रहे चाइनीस मांजा की बिक्री पर रोक लगाए।

# 42 करोड़ रू. की 6 .05 हेक्टेयर जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

▸ **जिला प्रशासन एवं नगरपालिका की टीम ने नीमच शहर में की बड़ी कार्रवाई**




**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा नीमच शहर में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध मंगलवार को नीमच शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्यवाही कर, लगभग 42 करोड़ रूपये मूल्य से अधिक की 6.05 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है। अतिक्रमण से मुक्त करवाई गई न.पा.नीमच की उक्त जमीन का उपयोग शहर विकास के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट एवं निर्माण कार्यो के लिए किया जावेगा।**

कलेक्टर चंद्रा ने निर्देशन में मंगलवार को एसडीएम संजीव साहू, न.पा.सीएमओ दुर्गा बामनिया, तहसीलदार संजय मालवीय एवं डॉ.अजेन्द्रनाथ प्रजापति की उपस्थिति में राजस्व, पुलिस एवं न.पा.की संयुक्त टीम ने नीमच शहर स्थित नगरपालिका क्षेत्र नीमच की अम्बेडकर कालोनी में खेत नम्बर 5 की 0.50 हेक्टेयर जमीन पर से अवैध अतिक्रमण हटाकर 5 करोड़ रूपये मूल्य की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है। टीम ने जे.सी.बी. और अन्य मशीनरी की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की है।

इसके साथ ही प्रशासन की उक्त टीम द्वारा पुराना चर्मशोधन कारखाना के पीछे एवं आसपास स्थित न.पा.नीमच के खेत नम्बर 32 के रकबा 2.4 हेक्टेयर जमीन का कब्जा हटाकर लगभग 19.98 करोड़ मूल्य की जमीन को न.पा.के आधिपत्य में लिया गया है। नायब तहसीलदार डॉ.अजेन्द्रनाथ प्रजापति ने उक्त जानकारी देते हुए मंगलवार को दिनभर चली इस अतिक्रमण हटाओं मुहीम में अम्बेडकर कॉलोनी की पुलिया के पास स्थित भूखण्ड क्रमांक 5 एवं शंभु व्यायाम शाला के पास स्थित भूखण्ड क्रमांक 8 का कब्जा हटाकर, भूखण्ड का आधिपत्य न.पा.नीमच द्वारा लिया गया है। इन भूखण्डों पर न.पा.नीमच ने अपने आधिपत्य का बोर्ड लगा दिया है और भूखण्ड पर प्रीकास्ट बाउण्ड्री की जा रही है।

इसके अलावा प्रशासन की इस टीम द्वारा मंगलवार की दोपहर पश्चात सीआरपीएफ के पीछे लेवड़ा रोड़ स्थित न्यू गार्डन 30 एवं 35 की 3.51 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर, 16.87 करोड़ रूपये बाजार मूल्य की इस जमीन को नगरपालिका नीमच द्वारा अपने आधिपत्य में लेकर इस पर नगरपालिका का बोर्ड लगा दिया गया है। प्रशासन द्वारा मंगलवार को नीमच शहर में अतिक्रमण से मुक्त करवाई गई उक्त जमीनों का उपयोग शहर के विकास के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट एवं निर्माण के लिए किया जाएगा।



## पीएमएफएमई योजना का लाभ लेकर पूजादेवी ने लगाया गेहूं प्रसंस्करण उद्योग

▸ **पूजादेवी प्रति वर्ष 30 से 35 लाख रूपये की कर रही है कमाई**

**नीमच।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पी.एम.एफ.ई.एम.ई.) योजना का लाभ लेकर नीमच जिले के मनासा विकासखण्ड के ग्राम हासपुर निवासी श्रीमती पूजादेवी कुशवाह आज सफल उद्यमी बन गई है। पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के तहत पूजादेवी ने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया मनासा शाखा से 50 लाख रूपये का ऋण प्राप्त कर, सेठ श्री फुड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित किया। इस पर शासन की ओर से पूजादेवी को 10 लाख रूपये का अनुदान भी मिला है।


हासपुर निवासी पूजादेवी कुशवाह पति डालूराम कुशवाह, शिक्षित गृहणी है। खेतीबाडी का पुस्तैनी कार्य होने के कारण उसे व्यवसायिक रूप देने की इच्छा उनके मन में हमेशा से रही है। पारिवारिक पृष्ठभूमि और आर्थिक रूप से असक्षम होने से वे अपनी इस इच्छा को पूरा नहीं कर पा रही थी, ऐसे में उन्हें पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के बारे में पता चला। उन्होने उद्यानिकी विभाग नीमच से संपर्क कर, गेहूं प्रसंस्करण उद्योग लगाने की इच्छा जताई। इस पर विभाग ने श्रीमती पूजा कुशवाह को पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के तहत गेहूं प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए प्रकरण तैयार करवाकर स्वीकृति के लिए बैंक शाखा को भिजवाया। जहां से उसे 50 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत हुआ और शासन द्वारा 10 लाख का अनुदान भी प्रदान किया गया।

## जिले के पशुपालक अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य करवाएं

**नीमच।** जिले में एक जनवरी से राष्ट्रीय पशुधन रोग नियंत्रण कार्यक्रम के पशुओं के खुरपका मुँहपका (खुराड़) रोग नियंत्रण हेतु सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के लगभग तीन लाख गोवंश एवं भैंसवंश में एक जनवरी से खुराड़ रोग नियंत्रण हेतु सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। 1 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक 45 दिनों तक के इस टीकाकरण अभियान में विकासखण्डवार संस्थावार दलों का गठन कर टिकाद्रव्य उपलब्ध करवा दिया गया है। उप संचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार ने जिले के पशुपालकों से अनुरोध किया है, कि वे इस अवधि में पशुचिकित्सा विभाग के क्षेत्रीय अमले पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, गौसेवक, मैत्री तथा उज्जैन दुग्ध संघ के कार्यकताओं से समन्वय कर अपने गाँव में शिविर के माध्यम से टीकाकरण करवाए ताकि पशुओं को रोग से बचाया जा सके तथा पशुओ में बीमारी होने पर उपचार पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से पशुपालक बच सके।

## हाथ में जहर की शीशी लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची महिला

▸ **कब्ज़ा नहीं छूटा तो पी लूंगी ज़हर**




**नीमच। जिले की मंगलवार की जनसुनवाई तब सनसनीखेज मोड़ पर पहुंच गई, जब अवैध कब्जे से तंग एक महिला न्याय की गुहार लेकर जहर की शीशी साथ लाई और सीधे कलेक्टर के सामने खड़ी हो गई। महिला की यह हिम्मत और कदम प्रशासनिक अधिकारियों को झकझोर गया।**

मौके पर मौजूद अधिकारी तुरंत कार्रवाई में उतर आए और महिला से जहर की शीशी जब्त कर उसे समझाइश दी। वहीं, प्रशासन ने अवैध कब्जे के पूरे मामले में त्वरित जांच और कार्रवाई के आदेश जारी किए।

पीड़ित मार्गीबाई (46), पत्नी लेखराज, निवासी रामपुरा नाका काछी मोहल्ला, तहसील मनासा ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन में बताया कि हासपूर रोड पर स्थित उसकी कृषि भूमि उसके नाम दर्ज है और वर्षों से उसकी संपत्ति रही है। इसके बावजूद प्रद्युमन सिंह और उसके सहयोगी जमीन पर कब्जा करने का दबाव डाल रहे हैं।

महिला का आरोप है कि विरोधीगण उसके परिवार को धमकियों का निशाना बना रहे हैं। कहा जाता है कि अगर जमीन नहीं छोड़ी तो परिवार को जान से मार देने की धमकी दी जा रही है। इसके अलावा करीब साढ़े तीन बीघा जमीन को फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए अपने नाम दर्ज कराया गया है।

मार्गीबाई ने बताया कि पूर्व में किए गए आवेदन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हो गए हैं और किसी गंभीर घटना की आशंका बनी हुई थी। इस मानसिक दबाव और न्याय न मिलने की पीड़ा में ही वह जहर लेकर जनसुनवाई में पहुंची।

जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए महिला को सुरक्षा का भरोसा दिया और अधीनस्थ अधिकारियों को मामले की शीघ्र और विधिसम्मत जांच के निर्देश दिए। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि अवैध कब्जा, धमकियाँ और फर्जी दस्तावेज़ों के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार भयमुक्त होकर अपने जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

# आप आएंगे गाड़ी से ... जाएंगे पैदल!

▸ **नीमच ट्रैफिक पुलिस का न्यू ईयर पर अनोखा अल्टीमेटम, पोस्टर बना चर्चा का विषय**




**नीमच।** नए साल के जश्न से पहले नीमच यातायात पुलिस ने ऐसा पोस्टर जारी किया है, जो न सिर्फ लोगों को हँसाता है बल्कि कानून का सख्त संदेश भी देता है। हैप्पी न्यू ईयर 2026 की शुभकामनाओं के बीच ट्रैफिक पुलिस ने साफ शब्दों में चेतावनी दे दी है। नशे में गाड़ी चलाई तो मेहमान बनना तय है

यातायात पुलिस, एवं यातायात थाना प्रभारी सोनू बडगुर्जर द्वारा जारी इस खास पोस्टर में नए साल की रात को लेकर अलग ही अंदाज़ में एलान किया गया है। पोस्टर में लिखा है

- कोशिश करें, आप हमारे मेहमान न बनें।

- यानी जश्न मनाइए, लेकिन नियम तोड़कर नहीं।

- खास मेहमानों के लिए खुला न्योता

पोस्टर में ट्रैफिक पुलिस ने व्यंग्यात्मक लेकिन सख्त लहजे में बताया है कि 31 दिसंबर की रात उनके खास मेहमान होंगे।

नशे में वाहन चलाने वाले

तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ाने वाले

स्टंटबाजी कर दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले

ऐसे लोगों के लिए संदेश बिल्कुल साफ है


आप आएंगे वाहन से, लेकिन जाएंगे पैदल।

**पूरी रात, पूरी सख्ती** – पोस्टर के मुताबिक 31 दिसंबर की रात पूरी रात ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद रहेगी और नियम तोड़ने वालों को सीधे नजदीकी पुलिस स्टेशन की सैर कराई जाएगी। यह संदेश मजाक में नहीं, बल्कि पूरी गंभीरता के साथ दिया गया है।

**अनुशासन में ही असली जश्न** – यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि नया साल अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। स्पेशल परफॉर्मेंस भी तैयार पोस्टर में स्पेशल परफॉर्मेंस के रूप में ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता को भी दर्शाया गया है, जो यह संकेत देता है कि नियम तोड़ने वालों पर इस बार कोई रियायत नहीं होगी। संदेश सीधा है

नया साल खुशियों के साथ शुरू हो, चालान, थाने और पछतावे के साथ नहीं।

नीमच यातायात पुलिस का यह अनोखा अंदाज़ सोशल मीडिया पर भी चर्चा में है और लोगों को हँसाते हुए एक गंभीर सबक सिखा रहा है।



## पुलिसकर्मियों की कार ने बाइक को टक्कर मारी, दो घायल


▸ **प्रत्यक्षदर्शियों बोले- कार सवार दोनों नशे में थे**

**नीमच।** कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत कनावटी में देवनारायण मंदिर के पास सोमवार रात 11.30 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे दो लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और वाहन 112 को हादसे की सूचना दी गई। जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। कार में सवार दो व्यक्तियों ने शराब पी रखी थी और उन्होंने बाइक को टक्कर मारी। दोनों व्यक्ति पुलिस से जुड़े हुए थे और नशे की हालत में वाहन चला रहे थे। निर्माणधीन सड़क पर मिट्टी होने के कारण तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकराई और पलट गई।

घायलों की पहचान अतुल्ला खा पिता अस्मत पहलवान और सोहेल के रूप में हुई है। उन्हें 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय ले जाया गया। कैंट पुलिस ने बताया कि कनावटी में दुर्घटना हुई है और जिला चिकित्सालय से रिपोर्ट मिलने के बाद घायलों की स्थिति और उनके बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि सौदे में बड़ा फर्जीवाड़ा, चम्पी के वृद्ध दलित किसान से 28 लाख की ठगी

▸ **कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार**



**नीमच।** जिले के ग्राम चम्पी में भूमि विक्रय के नाम पर एक वृद्ध दलित किसान से लाखों रुपये की धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान जगदीश पुत्र हीरालाल भांबी ने जनसुनवाई के दौरान प्रशासन के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए आरोप लगाया कि दो दलालों ने आपसी सांठगांठ कर उसकी कृषि भूमि के सौदे में से 28 लाख 32 हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित किसान के अनुसार उसकी पैतृक कृषि भूमि सर्वे नंबर 375 बटा 3, कुल रकबा 0.970 हेक्टेयर, का सौदा दलाल बंटी निवासी जमुनियांखुर्द और राहुल निवासी धनेरियांकलां के माध्यम से तय किया गया था। भूमि का भाव 14 लाख 51 हजार रुपये प्रति बीघा तय हुआ, जिसके आधार पर कुल सौदे की राशि 66 लाख 50 हजार रुपये बनी।

जगदीश भांबी का आरोप है कि रजिस्ट्री के समय उसे पूरी राशि देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन व्यवहार में उसे केवल 38 लाख 50 हजार रुपये ही दिए गए। शेष 28 लाख 32 हजार रुपये देने की बात कहकर दलालों ने पहले टालमटोल की और बाद में साफ तौर पर देने से इनकार कर दिया। वृद्ध किसान ने बताया कि वह अशिक्षित है और उम्र के चलते अपने कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। इसी मजबूरी का फायदा उठाकर दलालों ने कथित रूप से छल-कपट कर रजिस्ट्री करवा ली। आज स्थिति यह है कि वह अपनी मेहनत की कमाई पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है।

पीड़ित किसान ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी दलालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उसकी बकाया राशि तत्काल दिलाने की मांग की है।

**एक नजर** ▸ **कलेक्टर ने जनसुनवाई में दिव्यांग बालिका कीर्ती को दिलाई 15 हजार रूपये की उपचार सहायता**

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई- 94 आवेदकों की सुनी समस्याएं




**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए 94 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बंगला नम्बर 59 निवासी राजपाल के आवेदन पर उसकी दिव्यांग बेटी कीर्ती के उपचार के लिए रेडक्रास नीमच से 15 हजार रूपये की तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के रेडक्रास प्रभारी को निर्देश दिए है। जनसुनवाई में झांझरवाड़ा निवासी वृद्ध सत्यनारायण सालवी ने अपने मकान पर बेटी, दामाद द्वारा कब्जा कर घर से निकाल देने पर मकान का कब्जा दिलाने के आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम नीमच को भरण पोषण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने और वृद्ध सत्यनारायण की मदद करने के निर्देश दिए है।

जनसुनवाई में आमलीचक जावद की बनास बाई बंजारा ने वाल की बीमारी के उपचार के लिए आर्थिक सहायता दिलाने का आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने बनास बाई को रेडक्रास नीमच से 10 हजार रूपये की तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश रेडक्रास प्रभारी अधिकारी को दिए है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने बत्तीसडा की कलुबाई पति रामलाल रावत के आवेदन पर ग्राम बत्तीसडा की उसकी कृषि भूमि 80 आरी पर नन्दलाल नायक निवासी सेमली इस्तमुरार द्वारा किया गया अवैध कब्जा हटाकर, जमीन का कब्जा दिलाने के निर्देश एसडीएम मनासा को दिए है।

जनसुनवाई में सरवानिया महाराज के भेरूलाल, नीमच की रेहमत बाई, ग्वालटोली के गंगाराम, नीमच की गीताबाई, रायसिंगपुरा के भारतसिह, सुवाखेडा के मांगीलाल, रामपुरा की मांगीबाई, पिपलिया सिंघडिया के बालचंद, बाणदा के लाभचंद, मनासा के गजराज सिह, स्टेशन रोड नीमच की विमला देवी, अरनिया कुमार की श्यामुबाई, नीमच के पवन सैनी, खेडा बांगरेड के गेंदमल, ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह रानपुर के अखिलेश कुमार, वादपुर के कुलदीप, गिरदौडा के किशनसिह, बामनबर्डी की संगीताबाई, कोटडी इस्तमुरार के नरेन्द्र कुमार, किशनपुरा के शिवलाल, तलाउ के रामलाल, नीमच सिटी के मदनलाल, कुंदवासा के रतनलाल, जमुनिया कलां के कैलाशचंद्र, पिपलिया व्यास के दिनेश, मालिया के नारायण सिह, कचौली के जाकिर हुसैन, पिपलिया व्यास के रामलाल, मालखेडा के योगेश धाकड़, चीताखेडा के कारूलाल, नयागांव की सम्पतबाई ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।